पुलिस आयुक्त कार्यालय : दिल्ली
पुलिस मुख्यालय, जय सिंह रोड, नई दिल्ली 110001
टेलीफोन नंबर 011-23746100 एक्सटेंशन 69970

विषय: - आगामी वर्ष-2027 में सभी संवर्ग (कार्यकारी को छोड़कर) में अगला उच्च पद स्पेशल रैंक/स्पेशल ग्रेड के तौर पर देने हेतु।

****

इस सन्दर्भ में यह सूचित किया जाता है कि दिल्ली सरकार के आदेश सख्या F. No. 3/17/2016/HP-I/Estt./6675 दिनांक 07.02.2017, आदेश संख्या F. No. 3/17/2016/HP-I/Estt./4394-4400 दिनांक 28.10.2016 और इस मुख्यालय के सर्कुलर संख्या 33/2016 जोकि संख्या 5308-5438/Record Branch (AC-I)/PHQ दिनांक 04.11.2016 को जारी किया गया था के तहत सभी संवर्ग मे स्पेशल रैंक/स्पेशल ग्रेड के तौर पर उच्च पद देने का प्रावधान है। इसलिए आपसे अनुरोध है कि निम्नलिखित शर्तो के अनुसार जो पुलिसकर्मी योग्य है कृपया उनका ब्यौरा देने का कष्ट करे:-

1. सभी संवर्ग (कार्यकारी को छोड़कर) के वे प्रधान सिपाही जो दिनाक 01.01.2027 तक सिपाही के पद पर नियुक्ति की तारीख से 25 साल की सर्विस पूरी कर चुके होंगे, प्रधान सिपाही के पद पर 05 साल की रेगुलर सर्विस कर चुके होंगे और जिन्हें MACP/ACP स्कीम के तहत दूसरा फाइनेंशियल अप-ग्रेडेशन मिल चुका है।
2. सभी संवर्ग (कार्यकारी को छोड़कर) के वे सहायक उप.निरीक्षक जो दिनांक 01.01.2027 तक सिपाही के पद पर नियुक्ति की तारीख से 30 साल की सर्विस पूरी कर चुके होंगे, सहायक उप.निरीक्षक के पद पर 06 साल की रेगुलर सर्विस पूरी कर चुके होंगे और MACP/ACP स्कीम के तहत तीसरा फाइनेंशियल अप-ग्रेडेशन मिल चुका है।
3. सभी संवर्ग (कार्यकारी को छोड़कर) के वे उप. निरीक्षक जिन्होंने दिनांक 01.01.2027 तक प्रधान सिपाही(तकनीकी/लिपिकीय) के पद पर अपनी नियुक्ति की तारीख से कुल 30 साल की सेवा पूरी कर चुके होंगे, उप. निरीक्षक के पद पर 06 (छह) साल की सेवा पूरी की है, और जिन्हे तीसरी MACP स्कीम का लाभ मिल चुका है।

यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी संवर्ग (कार्यकारी को छोड़कर) के केवल उन्ही प्रधान सिपाही/स.उप.नि./निरीक्षक की सेवा सबंधी जानकारी दी जाए, जिन्हें उनके सबधित सवर्ग मे अगला उच्च पद स्पेशल रैंक/लुकिंग आफ्टर चार्ज/फंक्शनल रैंक इत्यादि के तौर पर पहले से नहीं दिया गया है।

तदनुसार, आपसे अनुरोध है कि इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए जरूरी सेवा संबंधी जानकारी जैसे की नाम, रैंक, कैडर, बेल्ट नम्बर, पी.आई.एस. नम्बर एवं पोस्टिंग 15 दिनों के भीतर निश्चित रूप से इस मुख्यालय को भेज दी जाए।

जगदीश 14/10/2026

निरीक्षक पदोन्नति प्रकोष्ठ/गो.शा.
कृते अति. उपायुक्त पुलिस:
मुख्यालय-IV दिल्ली

1. उपायुक्त/आई.टी.सेंटर, दिल्ली.
2. निरीक्षक/कार्मिक शाखा/पु.मु.
3. प्रभारी/कंप्यूटर/गो.शा.

संख्या 7302-14 /पदो. प्रकोष्ठ (डेस्क-V)/पु.मु.

दिनांक 14/10 /2026.